शाहजहाँपुर पुलिस

प्रेस नोट

सराहनीय कार्य दि0- 14.08.2024

थाना जैतीपुर पुलिस को मिली बडी कामयाबी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग तीन लाख रूपये कीमत की 1.126 कि0ग्राम (फाइन क्वालिटी) की अफीम सहित मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार ।

श्री अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध शराब एंव अवैध शस्त्र, मादक पदार्थ का कारोबार करने वाले क्रियाशील एंव चिन्हित किये गये अपराधियों, वाछित एंव वारंटी, अभियुक्तगण की गिरफ्तारी एंव अपराध की रोकथाम के परिपेक्ष्य में प्रचलित अभियान के क्रम में श्री मनोज कुमार अवस्थी, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के निर्देशन एंव श्री प्रंयाक जैन क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में थाना जैतीपुर पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 13.08.2024 को थानाध्यक्ष श्री अवधेश कुमार सिंह के नेतृत्व में थाना जैतीपुर की पुलिस टीम द्वारा रोकथाम अपराध, संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन चैकिंग व गस्त के दौरान ग्राम भुडिया तिराहे पर समय करीब 23.58 बजे अभियुक्त अमरजीत पुत्र भूरे सिंह निवासी ग्राम नसरूल्लापुर थाना उझानी जनपद बदायूँ उम्र करीब 22 वर्ष के कब्जे से 1.126 ग्राम अफीम फाईन क्वालिटी की बरामद हुई। अभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

1. अमरजीत पुत्र भूरे सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम नसरूल्लापुर थाना उझानी जनपद बदायूँ

बरामदगी का विवरणः-

1. 1.126 कि0 ग्राम अफीम (फाइन क्वालिटी)

पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

1.मु0अ0सं0- 234/2024 धारा 8/18 NDPS ACT थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर।

आपराधिक इतिहास अभियुक्तः-

1.मु0अ0सं0- 234/2024 धारा 8/18 NDPS ACT थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर।

पूछताछ विवरण अभियुक्तः-

गिरफ्तार शुदा अभियुक्त अमरजीत पुत्र भूरे सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम नसरूल्लापुर थाना उझानी जनपद बदाँयू, ने पूछने पर बताया कि मैं जनपद बदायूँ का रहने वाला हूँ मेरे पिता जी खेती बाडी का काम करते है और बताया

कि मेरे पिता जी के पास अफीम की खेती करने का लाइसेंस है मेरे गाव मे कई लोग अफीम की खेती करते है। वही से मैं अफीम निकलवा लेता हूँ। तथा आस पास के जिलो मे जाकर बेच लेता हूँ जिससे मेरा खर्चा पानी निकल जाता है। दिनांक 13.08.2024 को अपने गाव से निकलकर दातागंज होते हुये शाहजहाँपुर जिले मे कटरा की तरफ होटलों व ढाबों पर अफीम देने के लिये जा रहा था कि पुलिस ने पकड लिया । मुझे जो माल (अफीम) आप लोगो ने बरामद किया है जिसका वजन लगभग एक किलो सौ ग्राम है। अभियुक्त से मिली जानकारी के आधार पर अफीम के स्त्रोतो के बारे में टीम गठित कर जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

1. थानाध्यक्ष श्री अवधेश कुमार सिंह थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
2. उ0नि0 श्री गोविन्द सिंह थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
3. रि0उ0नि0 श्री अक्षय पंवार थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
4. का0 1855 कुशलपाल थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
5. का0 1147 राहुल यादव थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर
6. का0 2663 विपिन कुमार थाना जैतीपुर जनपद शाहजहाँपुर